भारत सरकार

# सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय

MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

## राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धी बोली (एनसीबी)

## भारत के 5 विभिन्न स्थानों में 2 मौजूदा और 3 नए प्रौद्योगिकी केंद्रों के लिए भवन का निर्माण

## परियोजना का नाम : टेक्नोलॉजी सेंटर सिस्टम प्रोग्राम (टीसीएसपी) - विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित परियोजना

### 1. पृष्ठभूमि

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार 400 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुमानित लागत पर एक विश्व बैंक वित्तपोषित परियोजना अर्थात टेक्नोलॉजी सेंटर सिस्टम प्रोग्राम (टीसीएसपी) का कार्यान्वयन कर रही है। अधिक जानकारी के लिए www.dcmsme.gov.in/tcsp.html देखें। यह नियत किया गया है कि इन प्राप्तियों के कुछ भाग का उपयोग प्रौद्योगिकी केंद्रों के निर्माण हेतु प्रापण कार्यों के लिए दिए जाने वाले ठेकों के लिए किया जाना है।

### 2. बोलियां आमंत्रित करना

विकास आयुक्त (एमएसएमई) , सूक्ष्म , लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय , भारत सरकार निम्नानुसार निर्माण कार्यों के लिए पात्र और अर्हताप्राप्त निविदाकर्ताओं से बोलियां आमंत्रित करते है :

1. रोहतक, हरियाणा में नया प्रौद्योगिकी केंद्र - एनसीबी सं. एबी-30028/37/2016/एबी सेक्शन - II - डीसीएमएसएमई/वर्क्स/टीसी-रोहतक , अनुमानित लागत 77 करोड़ रु.
2. बंगलूरू, कर्नाटक में नया प्रौद्योगिकी केंद्र - एनसीबी सं. एबी-30028/36/2016/एबी सेक्शन - II - डीसीएमएसएमई/वर्क्स/टीसी-बंगलूरू, अनुमानित लागत 56 करोड़ रु.
3. पुडी, विशाखापट्टनम में नया प्रौद्योगिकी केंद्र - एनसीबी सं. एबी-30028/38/2016/एबी सेक्शन - II - डीसीएमएसएमई/वर्क्स/टीसी-पुडी , अनुमानित लागत 71 करोड़ रु.,
4. मुंबई, महाराष्ट्र में मौजूदा प्रौद्योगिकी केंद्र, -एनसीबी सं. एबी-30028/40/2016/एबी सेक्शन - II - डीसीएमएसएमई/वर्क्स/ टीसी- मुंबई, अनुमानित लागत 15 करोड़ रु.
5. औरंगाबाद, महाराष्ट्र में मौजूदा प्रौद्योगिकी केंद्र, -एनसीबी सं. एबी-30028/39/2016/एबी सेक्शन - II - डीसीएमएसएमई/वर्क्स/ टीसी- औरंगाबाद, अनुमानित लागत 12 करोड़ रु.

### 3. सूचना

निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा संबंधी दस्तावेजों का पूरा सेट निःशुल्क www. dcmsme.gov.in/tcsp-html से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक पात्र निविदाकर्ता इस संबंध में अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण 30.06.2016 से 08.07.2016 तक कार्यालय समय के दौरान निदेशक (टूल रूम) , विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय, भारत सरकार, कमरा सं. 723-ए , 7 वां तल, 'ए', विंग , निर्माण भवन , मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110 108 से प्राप्त कर सकते हैं। इस एनसीबी के संबंध में जारी कोई भी संशोधन/परिशिष्ट के लिए वेबसाइट देखने के लिए और बोलियां तैयार करते समय इनका ध्यान रखने के लिए निविदाकर्ता पूरी तरह जिम्मेदार होंगे। महत्वपूर्ण तिथियां और समय निम्नानुसार हैं :

1. वेबसाइट पर निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता : 30.06.2016 से
2. बोली पूर्व प्रश्न/ स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तारीख : 12.07.2016 , 11:30 बजे (आईएसटी)
3. निविदा बंद करने का समय और तारीख : 10.08.2016 , 12.00 बजे (आईएसटी)
4. निविदा खोलने का समय : 10.08.2016 12.30 बजे (आईएसटी)

### 4. बोलियां प्रस्तुत करना

निम्नलिखित स्थान पर बोलियां प्रस्तुत करने की तारीख और समय उपर्युक्त सारणी में दिया गया है। सभी बोलियों के साथ निविदा दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट निविदा प्रतिभूति जमा की जानी चाहिए। बोलियां निविदाकर्ताओं के नामित प्रतिनिधियों (जिनके पास प्राधिकार पत्र हो) की उपस्थिति में जो निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित उपर्युक्त तारीख और समय पर व्यक्तिगत रूप में उपलब्ध रहेंगे।

निदेशक (टूल रूम) , विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय,
कमरा सं. 723-ए , 7 वां तल, 'ए', विंग , निर्माण भवन , मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली -110 108
दूरभाष +91-11-23062561 ; फैक्स +91-11-23061068 , ईमेल : **tcsp@dcmsme.gov.in.**